A8

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 58 / 2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 07.07.2020

श्री राजेन्द्र सुखवाल निवासी बून्दी रोड़, चित्तौड़गढ़

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 28.07.2020

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 25.05.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 58 / 2020 / (28.07) / 462 दिनांक 07.07.2020 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ को दिनांक 28.07.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी सम संख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 28.07.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर मौखिक रूप से अपना पक्ष रखा कि उसे आदिनांक तक सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ द्वारा कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। अतः वांछित सूचना दिलाने का आदेश प्रदान करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/आरटीआई/2020–21/52 दिनांक 28.07.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

1. श्री राजेन्द्र सुखवाल निवासी चित्तौड़गढ़ ने सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत आवेदन किया जो इस कार्यालय में दिनांक 06.02.2020 को प्राप्त हुआ।
2. अपीलार्थी द्वारा ग्राम चित्तौड़गढ़ के खसरा नम्बर 1692/93 से संबंधित रेकार्ड की जानकारी चाही गई है।
3. अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/आरटीआई/2020–21/33 दिनांक 21.05.2020 द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है।
4. अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचनाएं इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी को उपलब्ध करा देने से प्रकरण निरस्त योग्य है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/आरटीआई/2020–21/52 दिनांक 28.07.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ ने अपीलार्थी का आवेदन दिनांक 06.02.2020 को प्राप्त होना तथा पत्रांक 33 दिनांक 21.05.2020 से अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचनाए उसे उपलब्ध कराने का अंकन किया है जबकि वास्तविकता में अपीलार्थी का आवेदन दिनांक 06.02.2020 का नहीं होकर दिनांक 25.05.2020 का है तथा दिनांक 25.05.2020 के आवेदन पर दिनांक 21.05.2020 को ही अपीलार्थी को सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचनाएं उपलब्ध करा दिये जाने का कथन प्रायोगिक नहीं है।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ के पत्रांक 33 दिनांक 21.05.2020 का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि उक्त पत्र अपीलार्थी को सम्बोधित नहीं होकर, लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन),

सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 58 / 2020 (सू.अ.)
श्री राजेन्द्र सुखवाल निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़

चित्तौड़गढ़ को सम्बोधित है तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा उक्त पत्र के माध्यम से कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया है न कि अपीलार्थी को उक्त पत्र के माध्यम से सूचनाएं उपलब्ध कराई गई है।

प्रस्तुत प्रकरण में सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रेषित टिप्पणी / कमेन्ट्स स्पष्ट नहीं है तथा इससे यह स्पष्ट नहीं होता है कि अपीलार्थी को सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचनाएं उपलब्ध कराई गई है अथवा नहीं।

निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

(के. के. शर्मा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 58 / 2020(सू.अ.) / 507 दिनांकः– 28 / 07 / 2020

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़
2. श्री राजेन्द्र सुखवाल निवासी बून्दी रोड़, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official